प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

02 जून 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं (आईटीईएस) के निर्यात: 2024-25 पर सर्वेक्षण प्रारंभ किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं (आईटीईएस) के निर्यात पर अपने वार्षिक सर्वेक्षण 2024-25 का चक्र प्रारंभ किया है।

इस सर्वेक्षण में कंप्यूटर सेवा निर्यात और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं (आईटीईएस) के निर्यात और कारोबार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग (बीपीओ) के विभिन्न पक्षों से संबंधित आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। सर्वेक्षण के परिणामों को पब्लिक डोमेन पर जारी किया जाता है, जिसका उपयोग भुगतान संतुलन (बीओपी) सांख्यिकी के संकलन और अन्य उपयोग के लिए भी किया जाता है।

वर्ष 2024-25 के चक्र के लिए सॉफ्टवेयर और आईटीईएस/बीपीओ निर्यातक कंपनियों द्वारा सर्वेक्षण प्रश्नावली भरा जाना अपेक्षित है। आईटीईएस सर्वेक्षण प्रश्नावली का प्रारूप वर्तमान दौर के लिए अद्यतन किया गया है और इस सर्वेक्षण प्रश्नावली की सॉफ्ट प्रति (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर शीर्षक 'विनियामक रिपोर्टिंग' → 'रिटर्न का नाम' → 'ITES-Survey Schedule' के तहत [या शीर्ष 'फॉर्म' के अंतर्गत (होम पेज के नीचे उपलब्ध) और उप-शीर्ष 'सर्वेक्षण' के अंतर्गत उपलब्ध है, इसे विधिवत भरकर **जुलाई 15, 2025** तक ई-मेल द्वारा प्रस्तुत किया जाना है।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) में निर्देश दिए गए हैं अन्य किसी भी प्रकार के प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया itesquery@rbi.org.in या निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंज़िल, बान्द्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/453**